LOKHIT KRANTI

Ghaziabad News : साहिबाबाद में एनसीईआरटी की नकली किताबें छापने का भंडाफोड़, फैक्टरी मालिक पर मुकदमा

Ghaziabad News : छापेमारी में मिलीं हजारों नकली किताबें

साहिबाबाद से बड़ी खबर सामने आई हैं। जहा लिंक रोड थाना क्षेत्र पर स्थित औघोगिक क्षेत्र साइट-4 पर छापेमारी के दौरान साढ़े चार हजार से ज्यादा अवैध एनसीआरटी किताबों का ढेर मिला । कारवाई में पता चला कि उस फैक्ट्री में लंबे समय से अवैध रुप से नकली किताबें छापी जा रही थी। जिसके बाद उन्हें बाजार में बेचा जा रहा था।

Ghaziabad News : क्या हैं मामला ?

साहिबाबाद के लिंक रोड थाना क्षेत्र स्थित औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 में संचालित डीएस इंटरप्राइजेज में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की किताबों की अवैध छपाई और बिक्री का मामला सामने आया है। एनसीईआरटी मुख्यालय के उप सचिव ललित कुमार और सहायक उत्पादन अधिकारी दीपक कुमार ने फैक्टरी पर छापा मारकर चार हजार से अधिक किताबें जब्त की हैं। इस मामले में फैक्टरी मालिक जगमोहन चौधरी, जो कौशांबी का निवासी है, के खिलाफ नकली किताबें छापने और बेचने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। एनसीईआरटी अधिकारियों को मुख्यालय में नकली किताबों की छपाई और सप्लाई की शिकायत मिली थी। जांच के बाद आरोप सही पाए गए, जिसके बाद 9 फरवरी को डीएस इंडस्ट्रीज में छापा मारा गया।

Source: https://lokhitkranti.com/ghaziabad-news-printing-of-fake-ncert-books-busted-in-sahibabad-case-against-factory-owner/